Baba’s Praise

7/3/2015

- ✓ अब बाप कहते हैं यह सब हैं भक्ति मार्ग के गुरू । ज्ञान मार्ग का गुरू है ही एक ।
- ✓ परवाह थी पार ब्रह्म में रहने वाले बाप की, वह मिल गया तो बाकी क्या चाहिए ।
- ✓ मैं एक ही बार आता हूँ - यह राजधानी स्थापन करने लिए । इसमें लड़ाई आदि की कोई बात नहीं ।
- ✓ जो फर्स्टक्लास बच्चे हैं वह एक माशूक के सच्चे-सच्चे आशिक बन याद करते रहेंगे ।
- ✓ फर्स्टक्लास सच्चे माशूक के आशिक बनो ।

- ✓ यह है बेहद का माँ बाप । वह हद के माँ बाप भी बच्चों को सम्भालते हैं, फिर टीचर पढ़ाते हैं । अब तुम बच्चे जानते हो-यह है बेहद के माँ-बाप, बेहद का टीचर, बेहद का सतगुरू सुप्रीम फादर, टीचर, सुप्रीम गुरू । सत बोलने वाला, सत सिखलाने वाला है ।

- ✓ अब बाबा आया हुआ है नई दुनिया स्थापन करने, तो इस विनाश के पहले तुम नई दुनिया के लिए पढ़ाई पढ़ लो ।

- ✓ भगवानुवाच मैं तुमको राजयोग सिखाता हूँ । लाडले बच्चे तुमने भक्ति बहुत की है ।

- ✓ बाप कहते हैं-हे आत्मायें, तुम मुझ बाप को याद नहीं करते हो, मैं तुमको रास्ता बताने आया हूँ, तुम मुझे याद करो तो इस योग अग्नि से पाप दग्ध हो जायेंगे ।